पत्रांक 15/ए 3-09/2023
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

पटना, दिनांक- 2023

विषयः- माँ शारदा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एण्ड रिसर्च, पटना का संबंधन एवं नामांकन हेतु सीटों का निर्धारण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक R/PPU/112/2023 दिनांक 13.01.2023 द्वारा माँ शारदा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एण्ड रिसर्च, पटना में व्यवसायिक पाठ्यक्रम B.B.M & B.C.A में सत्र 2023-24 के लिए एक ईकाई के साथ संबंधन एवं सीटों की निर्धारण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रस्ताव की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत निदेशानुसार माँ शारदा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एण्ड रिसर्च, पटना को बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21(2)(d) में वर्णित प्रावधान के तहत संबंधन की स्वीकृति एवं राज्यपाल सचिवालय, बिहार द्वारा निर्गत पत्र, अध्यादेश एवं विनियम के आलोक में व्यवसायिक पाठ्यक्रम B.B.M एवं B.C.A में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए एक यूनिट (60) सीट के साथ संबंधन की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि वे वर्तमान सत्र में अतिरिक्त वर्ग संचालन कर पाठ्यक्रम पूरा करते हुए सत्र को नियमित कर लेंगे।

प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह०/-
(संजय कुमार)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक-15/ए 3-09/2023 - 3984. पटना, दिनांक 28.10.23.

प्रतिलिपिः- निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, माँ शारदा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एण्ड रिसर्च, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.10.23

सरकार के अपर सचिव

Bhushan sir/Final Vocational Letter 2023

Scanned with CamScanner